**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.04.2025** **15.00 बजे**

**गुरु तेग बहादुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नौवें सिख गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर को उनके प्रकाश पर्व पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने गुरु श्री तेग बहादुर को देश के सबसे महान आध्यात्मिक पथ प्रदर्शकों में से एक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरु श्री तेग बहादुर का जीवन साहस और करूणामय सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरु श्री तेग बहादुर अन्याय के खिलाफ अपनी लड़ाई में अडिग थे। प्रधानमंत्री ने यह भी आशा व्यक्त की कि गुरु श्री तेग बहादुर की शिक्षाएं देश को उनके सपनों के समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों के क्षेत्र में राजकीय पाठशालाओं के वरिष्ठ माध्यमिक सैक्शन्स को को–एजुकेशनल बनाया जाएगा। कल देर शाम शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे स्कूलों का युक्तिकरण करेगी जहां विद्यार्थियों का नामांकन कम है और नजदीक ही समान स्तर का अन्य स्कूल कार्यशील है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव राकेश कंवर और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पंजाब की मौजूदा सरकार इंडिया गठबंधन का हिस्सा है इसलिए राज्य सरकार को उनसे शानन प्रौजेक्ट जल्द वापिस लेने का रास्ता निकालना चाहिए। मण्डी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शानन पॉवर प्रौजेक्ट की लीज़ अवधि वर्ष 2024 में पूरी हो चुकी है ऐसे में अब प्रौजेक्ट पर पंजाब सरकार का कोई अधिकार नहीं रह जाता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये प्रौजेक्ट हिमाचल को वापिस मिलने से राज्य की आय में बढ़ोतरी होगी।

उल्लेखनीय है कि मण्डी जिला के जोगिन्द्रनगर में बना शानन पॉवर प्रौजेक्ट अंग्रेजी हुकूमत में बना था और पंजाब पुनर्गठन के समय इस प्रौजेक्ट को 99 वर्षों की लीज़ पर पंजाब सरकार को दिया गया था।

## जगत सिंह नेगी

जनजातीय क्षेत्रों में किसानों को नौतोड़ देने के निर्णय व राज्य में लागू वन संरक्षण अधिनियम 1980 को सस्पेंड करने की सिफारिश के प्रस्ताव के संबंध में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नौतोड़ वन भूमि की स्वीकृति देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 5 के चलते राज्यपाल के पास विशेष अधिकार है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के पास जमीन कम है, जिसके कारण बेरोजगारी बहुत है और लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

## बिंदल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल 19 अप्रैल को चम्बा जिला के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। आज चम्बा में एक पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने ये जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार का खजाना खाली है लेकिन अधिकारियों के पार्टियों के लाखों रूपए के बिलों का भुगतान सरकार कर रही है जो जनता के साथ अन्याय है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और सचिवालय सहित उपायुक्त कार्यालय मण्डी को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही है।

.......................................................................................................................................................